## खबर संक्षेप

### डेरोली अहीर में रक्तदान शिविर आज

**मंडी अटेली।** भारत निर्माण युवा दल हरियाणा एवं नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 20 मई को 48वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में लगाया जाएगा। शिविर का आयोजन कपिल पुत्र घनश्याम द्वारा अपनी सुपुत्री व भांजे के प्रथम जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

### बाबा बुधनाथ का भंडारा आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बौचड़िया में बाबा बुधनाथ के सभी भक्तजनों को ओर से बाबा बुधनाथ का भंडारा व जागरण 20 मई को होगा। कमेटी प्रधान अमीलाल एवं संदीप लोटस राव ने बताया कि अरुण बोस एंड पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। जागरण सुबह 10 बजे से सायं तक चलेगा।

### उन्हाणी में रागनी कंपटीशन 23 को

**कनीना।** आगामी 23 मई ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के अवसर पर उन्हाणी गांव में रागनी कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश ने बताया कि गांव के फलसा चौक पर रात्रि नौ बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में हरियाणवी लोक गायक कलाकार रमेश कलावड़िया व उनकी पार्टी ऐतिहासिक व धार्मिक रागनियां प्रस्तुत देगी। इस दौरान ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई जाएगी।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने किया विभिन्न ब्लॉकों का निरीक्षण

# जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान गणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

- जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश का एक महापर्व : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला उपायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी अनुपमा अंजली के निर्देशानुसार तथा नगराधीश नारनौल एवं जनगणना नोडल अधिकारी मंगल सेन के मार्गदर्शन में जिले में चल रही जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान गणना का कार्य तीव्र गति से जारी है। प्रशासन द्वारा इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए लगातार निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है।

जनगणना सहायक चार्ज अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में मकान गणना का कार्य तेजी से संपन्नता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों में परगणकों एवं सुपरवाइजर्स द्वारा पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में उप मंडल अधिकारी (नागरिक) योगेश सैनी ने कार्य में और अधिक गति लाने के उद्देश्य से उप मंडल स्तर पर दो निरीक्षण टीमों का गठन किया। पहली टीम का नेतृत्व स्वयं एसडीएम योगेश सैनी ने किया। उन्होंने सतनाली ब्लॉक का दौरा कर वहां चल रहे मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया तथा विभिन्न ब्लॉकों के सुपरवाइजर्स की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अत्यंत सटीकता और तीव्रता के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी है, वहां सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक प्रयासों से कार्य को गति दें, ताकि निर्धारित समय के भीतर मकान गणना का कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि देश का एक महापर्व है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नागरिक अपने परिवार एवं मकान संबंधी सभी जानकारियां ईमानदारी एवं सही तरीके से उपलब्ध कराएं, ताकि सरकार के समक्ष सटीक आंकड़े प्रस्तुत किए जा सकें और भविष्य की योजनाएं वास्तविक जरूरतों के अनुरूप बनाई जा सकें। वहीं दूसरी निरीक्षण टीम का नेतृत्व तहसीलदार कम चार्ज अधिकारी महेंद्रगढ़ अजय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने भगडाना, पाली, जाट, पालड़ी पनिहार, आदलपुर, खुडाना, खरखड़ा, बसई, माजरा कला, माजरा खुर्द, मालडा बास, मालडा सराय सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुपरवाइजर्स एवं परगणकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उप मंडल महेंद्रगढ़ पूरे जिले में मकान गणना के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन अभी और बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है।


महेंद्रगढ़। फील्ड कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### गणना कार्य को शीघ्रता के साथ-साथ पूरी सटीकता से पूरा करें

एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गणना कार्य को शीघ्रता के साथ-साथ पूरी सटीकता से पूरा करें ताकि समय पर सही आंकड़े प्रशासन को उपलब्ध करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है तथा इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती है। इसलिए प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह इस कार्य को पूर्ण ईमानदारी एवं समर्पण के साथ पूरा करे।

### आवश्यक प्रशिक्षण

सहायक चार्ज अधिकारी राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी गणना कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा समय-समय पर फील्ड निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्येक घर तक पहुंच बनाकर सटीक एवं प्रमाणिक आंकड़े एकत्रित किए जाएं। इस अवसर पर दीपक कुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, राकेश कुमारी, शक्ति सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुक्रमपाल यादव, मिथिलेश, तुषमा सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिहमा में भीषण गर्मी के चलते युवाओं ने लगाई छबील



**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में युवाओं द्वारा समाज सेवा की एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां सिहमा नारनौल सड़क मार्ग पर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडी शिकंजी का मीठा पानी पिलाया गया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच यह सेवा कार्य लोगों के लिए किसी राहत से कम नहीं रहा। गर्मी के इस मौसम में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है और आमजन को बाहर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में युवाओं द्वारा की गई यह पहल मानवता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करती है। सड़क से गुजरने वाले राहगीर, वाहन चालक, मजदूर और अन्य लोग छबील पर रुककर ठंडी शिकंजी पीते नजर आए और उन्होंने इस सेवा के लिए युवाओं का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवा में जुटे युवाओं ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल प्यास बुझाना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी है।

## समस्याओं का तत्परता से समाधान करें अधिकारी : योगेश सैनी

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश सरकार की पहल पर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम योगेश सैनी ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने अधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक नागरिक की समस्या सुनी और मौके पर ही कई मामलों में समाधान की दिशा में कदम उठाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक समस्या का गंभीरता से संज्ञान लें और त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में बिजली, पानी और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं। इसके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## गुजरवास विद्यालय में मेधावी छात्राओं का सम्मान, गांव में खुशी का माहौल



**मंडी अटेली।** गांव गुजरवास स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली करीब 20 छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं को फूल-मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कमांडो नरपत सिंह चौहान उपस्थित रहे। इस मौके पर शिक्षकगण, अभिभावक, ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि गुजरवास की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों और ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला और सभी ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

- 45 बोतल अवैध शराब अंग्रेजी व देशी बरामद की

**नारनौल।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस टीमों ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 45 बोतल अवैध शराब अंग्रेजी व देशी बरामद की है और मौके से दो आरोपितों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार के अनुसार थाना शहर क्षेत्र में पुलिस टीम राजीव चौक के पास मौजूद थी, तभी उन्हें एक गुप्त सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास बनी प्याऊ के नजदीक एक व्यक्ति अपने थैले में रखकर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अनिल कुमार निवासी बनिहाड़ी के रूप में हुई। जब पुलिस ने उसके थैले की तलाशी ली, तो उसमें से 18 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

वहीं दूसरा मामला थाना सदर कनीना के अंतर्गत आने वाले गांव बवानिया का है। पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि गांव के एक मकान में पारिवारिक झगड़ा हो रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम जब प्रवीण निवासी बवानिया के घर पहुंची, तो वहां कमरे में एक बेड के पास गत्ते की पेटियों में शराब की बोतलें रखी हुई दिखाई दी।

## राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली में कक्षा दसवीं व 12वीं के बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिन बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था, उन बच्चों को प्रिंसिपल जयंती बाई, सरपंच देशराज सिंह फौजी, एसएमसी प्रधान सुरेंद्र सिंह, एक्स सर्विसमैन लीग प्रधान कृष्ण सिंह शेखावत, कैप्टन विक्रम सिंह, सूबेदार वेदपाल सिंह व पवन सिंह ने इस प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेकर समारोह के चार चांद लगाने का काम किया।

पाली स्कूल में कक्षा 12वीं में साइंस, कॉमर्स व आर्ट के विद्यार्थियों ने काफी लग्न व मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया। लेक्चर ओमप्रकाश ने बच्चों को और अधिक मेहनत करके अपने उज्जवल भविष्य की कामना कर बच्चों स आह्वान किया कि इसी तरह से आप अपनी मंजिल तक कामयाब होंगे।

सरपंच देशराज सिंह फौजी ने कहा कि वह अपने गांव के स्कूल में हमेशा प्रगति के लिए तत्पर रहता हैं। हमारे स्कूल के बच्चों ने जो इतने अंक लेकर इस मुकाम को हासिल किया है, यह सब पाली स्कूल के स्टाफ की बदौलत है। प्रिंसिपल जयंती बाई ने सभी स्टाफ सदस्य, एसएमसी मेंबर, एक्स सर्विसमैन लीग प्रधान व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बच्चों के सम्मान समारोह में आकर पाली स्कूल को चार चांद लगाने का काम किया। प्रिंसिपल ने कहा कि हमेशा पाली गांव का सहयोग व समर्थन स्कूल के साथ रहता है। बच्चों के हित में रहता है, वह इसके लिए एमसी वह ग्राम पंचायत सदस्यों एक्स सर्विसमैन लीग के सदस्यों का आभार व्यक्त करती हैं।


महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने सुपरवाइजर की बैठक में की जनगणना कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में सुपरवाइजर की बैठक लेकर जनगणना 2026 के अंतर्गत चल रहे हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना कार्य की प्रगति रिपोर्ट का निरीक्षण किया। एसडीएम ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया।

एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि जनगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं, सामाजिक कल्याण नीतियों तथा प्रशासनिक ढांचे की आधारशिला है।

इसलिए प्रत्येक कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। एसडीएम ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सही जनगणना आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रशासन का प्रयास है कि जनगणना कार्य पूरी पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ संपन्न हो तथा प्रत्येक नागरिक की सही जानकारी दर्ज हो सके।


महेंद्रगढ़। सुपरवाइजरों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं रामकुमार गौतम: अभिषेक

**महेंद्रगढ़।** बीते दिनों रामकुमार गौतम द्वारा प्रदेश के पांच बार रहे मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला पर की गई टिप्पणी पर जननायक जनता पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक कुरहावटा ने पलटवार किया। अभिषेक ने बताया कि भाजपा ने पहले जाट को गैर जाट से लड़वाया। फिर सैनी को खुला छोड़ा। उसने उल्टा बोलकर प्रदेश के भाईचारे को खराब किया। फिर इन्होंने कई जातिगत राजनैतिक चाले चली, जिनमें ये नकमयाब हुई, आज नई चाल चल रहे हैं। रामकुमार गौतम के कंधे पर बंदूक रखकर ब्राह्मणों के दिलों में नफरत भरकर अन्य जातियों से दूर करने की साजिश रची जा रही। सच्चाई तो यह है रामकुमार गौतम किसी एक का हुआ ही नहीं, जब दुष्यंत चौटाला ने दो मंत्री बना दिए थे, तो इसको भी बना देते कोई बड़ी बात नहीं थी, लेकिन ये साजिशकर्ता था संगठन को तोड़ने का। यह व्यक्ति भाजपा की कठपुतली बना था और अगर असली मायने में अपने आप को ब्राह्मण नेता मानते हैं तो यूजीसी कानून का विरोध करना चाहिए, लेकिन इनका मकसद सिर्फ एक है कि प्रदेश के भाईचारे को खराब करना। स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला सदैव ब्राह्मण का सम्मान करते थे।



## ब्लड कैंप के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आगामी चार जून को रेडक्रॉस में आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को लेकर युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की ओर से व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय नेतराम सैनी व कलावती देवी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के प्रचारक योगेश सैनी ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने नांगल चौधरी, दोस्तपुर, मोहब्बतपुर भुंगारका, नांगल नूनिया, नायन, सिरोही बहाली सहित कई गांवों में युवाओं व ग्रामीणों से संपर्क कर शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी करने का आह्वान किया। योगेश सैनी ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। लोगों को बताया गया कि एक यूनिट रक्त कई लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। संस्थाओं के सदस्यों ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। युवाओं व सामाजिक संगठनों से अधिक संख्या में पहुंचकर मानव सेवा के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। मौके पर नरेंद्र कुमार, विनय, समीर, विवेक, मोहन, अमित, दीपक आदि मौजूद रहे।


नारनौल। ब्लड कैम्प के लिए जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भुंगारका में लिंगानुपात सुधार को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




**नांगल चौधरी।** सिरोही बहाली पीएचसी के अंतर्गत भुंगारका में लिंगानुपात सुधार के लिए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र कुमार व एलएचवी मुन्नी देवी की अध्यक्षता में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों को लिंग जांच करने पर निर्धारित कार्रवाई से अवगत कराया। इसके बाद विभागीय टीम ने घर घर जाकर बेटियों को बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या और लिंग जांच कराना कानूनन अपराध है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय सख्ती के बावजूद भुंगारका गांव का लिंगानुपात 545 दर्ज किया गया है। रिपोर्ट मिलने पर विभाग ने गांव में अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए कमेटी बना दी। जिसमें पंच, सरपंच तथा विभाग के कर्मचारी शामिल रहेंगे। इसके बाद उन्होंने गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली। इस मौके पर बीएसी सुभाष यादव, सीएचओ संजय कुमार, योगेश कुमार एमपीएचडब्ल्यू, मंजू कुमारी आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** सड़क पर जलभराव होने से आवागमन होता है प्रभावित

# लंबे समय से नाला बंद होने के कारण गंदा पानी सड़क पर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, बीमारियां फैलने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बंद पड़े गंदे पानी के नाले को खुलवाने की मांग को लेकर समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में आसपास के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि लंबे समय से नाला बंद होने के कारण गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे आसपास के इलाके में बदबू फैल रही है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बने नाले की नियमित सफाई नहीं होने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है।

इसके चलते गंदा पानी सड़क किनारे जमा रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है तथा सड़क पर जलभराव होने से आवागमन प्रभावित होता है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है।

बलवान फौजी ने कहा कि मंगलवार को क्षेत्र के नागरिकों ने एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बंद पड़े नाले को जल्द से जल्द खुलवाया जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


महेंद्रगढ़। बलवान फौजी के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन देते। फोटो : हरिभूमि

### आंदोलन करने की चेतावनी

लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मौके का निरीक्षण करवाकर जल्द समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत दिलाएगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच नरेश लावन, डॉ माया प्रकाश, मनोहर लाल, बहादुर सिंह, जोगेंद्र सिंह, कालूराम, मुकेश कुमार, असम, संतलाल फौजी, वेदपाल पूर्व सरपंच, मालाराम झूक, योगेश झूक, ओसीराम, भगत यादव, मनोज कुमार, विजयपाल, मंजीत सिंह, जय भगवान, पवन कुमार धोलिया रिवासा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सरसों चोरी मामले में खरीददार गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** थाना सदर पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई सरसों बरामद कर ली है और चोरी का सामान (सरसों) खरीदने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि गांव बुडीन निवासी धर्मबीर ने 18 मई को थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने गांव स्थित अपने पुराने मकान में सरसों रखी हुई थी। जब वह वहां गया तो सरसों के छह कट्टे गायब मिले। गांव में अपने स्तर तलाश करने पर उसे अपने कट्टे एक दुकान पर रखे हुए मिले।

### 21 को सतनाली और महेंद्रगढ़ में रहेंगे सांसद

**महेंद्रगढ़।** सांसद धर्मबीर सिंह 21 मई को महेंद्रगढ़ एवं सतनाली क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के दौरे पर रहेंगे। इस बारे में विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह 21 तारीख को आधा दर्जन गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान लगभग 40 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन भी करेंगे। इस दौरे में उनके साथ स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव व पार्टी के अनेक पदाधिकारियों समेत पंचायत समिति के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस-चेयरमैन, पार्षद, विभिन्न गांवों के सरपंच व क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन भी साथ रहेंगे।

### दो ईएमयू चलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** दैनिक रेलयात्री महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर बीकानेर एडीआरएम रूपेश यादव को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। महासंघ अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर नई ट्रेनों का ठहराव, विस्तार, फेरे बढ़ाने व ट्रेनों का समय परिवर्तन करने की मांगों को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन प्रदेश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक है। महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12259-60 सियालदह दुरंतो से बीकानेर इस गाड़ी का महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए।

## पेट्रोल 99.44 व डीजल 91.91 रुपये प्रति लीटर हुआ

# ईरान-अमेरिका तनाव का असर: पेट्रोल-डीजल फिर महंगे, नारनौल में कीमतें 100 के करीब पहुंची

नितेश कुमार ▶▶ नारनौल

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव का असर अब भारत के पेट्रोलियम बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल व डीजल के दामों में फिर बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद नारनौल में पेट्रोल 99.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.91 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। दोनों ईंधनों में लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। लगातार बढ़ती कीमतों से आम लोगों व वाहन चालकों की चिंता बढ़ गई है।

**बढ़ती कीमतों से आम लोगों व वाहन चालकों की चिंता बढ़ी**

जानकारों के अनुसार मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। ईरान व अमेरिका के बीच हालात बिगड़ने से वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ी है, जिसका सीधा असर भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों पर पड़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मामूली बदलाव भी घरेलू बाजार में असर डालता है। नारनौल में बढ़े दामों का असर सबसे अधिक मध्यम वर्ग व रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। शहर के कई वाहन चालकों का कहना है कि पहले ही महंगाई ने घरेलू बजट बिगाड़ रखा है और अब ईंधन के दाम बढ़ने से यात्रा व परिवहन खर्च और बढ़ जाएगा। ऑटो चालकों, टैक्सी संचालकों व छोटे व्यापारियों ने भी चिंता जताई है कि डीजल महंगा होने से माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा, जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है।



**नारनौल।** पम्प पर पेट्रोल डलवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 100 के आंकड़े को भी पार कर सकती हैं कीमतें

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात जल्द सामान्य नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में पेट्रोल व डीजल की कीमतें 'शतक' यानी 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को भी पार कर सकती हैं। खासकर पेट्रोल की कीमतें कई शहरों में पहले ही 100 रुपये के करीब पहुंच चुकी हैं। ऐसे में आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल कम दिखाई दे रही है। उधर तेल कंपनियों का कहना है कि कीमतों में बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार व कच्चे तेल की लागत के आधार पर किया जाता है। फिलहाल नारनौल समेत पूरे क्षेत्र में बढ़े हुए दामों ने लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है।

### 15 मई को की थी 3 रुपये की बढ़ोतरी

इससे पहले मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव व ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात चलते तेल कम्पनियों ने 15 मई को पेट्रोल-डीजल पर प्रति लीटर तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी की थी। जिसके बाद पेट्रोल 98.54 रुपये प्रति लीटर व डीजल 91.01 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले पेट्रोल 95.54 व डीजल 88 रुपये प्रति लीटर था।

## शहर में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कार्रवाई की

# चला अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकानदारों में हड़कंप, सामान जब्त





**महेंद्रगढ़।** सामान उठाते नगर पालिका कर्मचारी व बैनर उठाकर लाता कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**प्रशासन ने पहले भी दुकानदारों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य बाजार, बस स्टैंड रोड, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, बालाजी चौक, अंबेडकर चौक, सीएसडी कैंटीन और आसपास के व्यस्त क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान के चलते दुकानदारों और ठेला संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कई व्यापारियों ने आनन-फानन में अपना सामान समेटना शुरू कर दिया, जबकि कुछ स्थानों पर प्रशासन और दुकानदारों के बीच हल्की बहस भी देखने को मिली।

नगर पालिका की टीम दोपहर करीब ढाई बजे ट्रैक्टर ट्रॉली और कर्मचारियों के साथ मुख्य बाजार पहुंची। अधिकारियों ने पहले दुकानदारों को चेतावनी देते हुए सड़क और नालियों पर रखा सामान हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद भी जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, उनका सामान जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रखे लोहे के स्टैंड, तिरपाल, सब्जी ठेले, बांस-बल्लियां और अन्य सामग्री जब्त की गई। नगर पालिका कर्मचारियों ने कई जगहों पर अस्थायी निर्माण भी तोड़े। अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि शहर में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे आम जनता परेशान थी। प्रशासन ने पहले भी दुकानदारों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन पालन नहीं होने पर यह सख्त कदम उठाया गया। हालांकि कुछ दुकानदारों ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि प्रशासन बार बार दुकानदारों को परेशान करते, इस प्रकार की कार्रवाई से व्यापार प्रभावित होगा। वहीं कई लोगों ने नगर पालिका के कदम का समर्थन भी किया और कहा कि सड़कें अतिक्रमण मुक्त होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

### दोबारा अतिक्रमण करने पर लगाया जाएगा जुर्माना

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए सार्वजनिक स्थानों और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने की बात कही है। इस मौके पर दरोगा राजेंद्र कुमार, दरोगा सुमित उर्फ रिंकू सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री ने सीएम विंडो को लेकर की समीक्षा बैठक



**नारनौल।** वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद उपायुक्त अनुपमा अंजलि। फोटो : हरिभूमि

- डीसी अनुपमा अंजलि ने दी जिला की प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को सीएम विंडो पोर्टल पर विभिन्न विभागों के कार्य प्रदर्शन व जनता की शिकायतों के निवारण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने जिले की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने रखी। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक दीपक भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों की एक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए दिशानिर्देशों से सभी को अवगत कराया और स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो सरकार का एक बेहद पारदर्शी माध्यम है। जिसने जनता की समस्याओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। ऐसे में इस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को अधिकारी अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल करें। उपायुक्त ने कहा कि न केवल सीएम विंडो, बल्कि सरकार की ओर से जनता की सुविधा के लिए जितने भी डिजिटल शिकायत निवारण प्लेटफार्म तैयार किए गए हैं, आने वाली शिकायतों को लेकर विशेष गंभीरता बरती जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी के ब्लॉक महेंद्रगढ़ की ओर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों का मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दिया तथा बीडीपीओं कार्यालय में धरना दिया। धरने को जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि, एआईयूटीयूसी के जिला कमेटी के मुकेश कुमार यादव व एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सूबे सिंह ने संबोधित किया।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की वाजिब मांगों का विक्रम सिंह सरपंच निंबी व रिटायर्ड कर्मचारियों की ओर से सुमेर सिंह ने भी समर्थन किया तथा वक्ताओं ने सरकार से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करने की मांग की।

जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने सरकार से नियमितीकरण की नीति बनाकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को स्थाई घोषित करने, 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने, दुर्घटना पर 50 लाख रुपये देने व सामान्य मृत्यु पर 20 लाख रुपये देना तथा सेवानिवृति पर एकमुश्त 10 लाख रुपये देने तथा ग्रेच्युटी लाभ देने जैसी लंबित मांगों को पूरा करने की पुरजोर मांग उठाई।

# युवक को उठाकर सुनसान स्थान पर की पिटाई, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रंजिश के चलते कुछ युवकों ने निलेश पुत्र अशोक कुमार के साथ पहले कहासुनी की और बाद में उसे जबरन ले जाकर बुरी तरह पीट दिया। पीड़ित मोहम्मदपुर निवासी निलेश ने अटेली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 मई की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे वह उसके दोस्त कृष्ण, राजपाल और संजीत के साथ गांव में खेत के पास सड़क किनारे बैठे थे और खेत में पानी देने को लेकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक काली गाड़ी वहां आई और कुछ देर बाद दोबारा लौटकर उनके पास रुकी। गाड़ी में सवार युवकों ने उनसे पूछताछ शुरू की और देखते ही देखते गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और हाथापाई हुई, जिसके बाद निलेश अपने घर लौट गया। पीड़ित के अनुसार देर रात्रि करीब डेढ़ बजे उसे दोबारा बुलवाया गया। जैसे ही वह दोस्त कृष्ण के पास पानी की टंकी के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद कुछ युवक काली स्विफ्ट गाड़ी में आए और उसे टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद निलेश और उसके साथी के साथ मारपीट की गई और निलेश को जबरन गाड़ी में डालकर एक सुनसान बणी में ले जाया गया। वहां डंडों और पाइप से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया।

# पुलिस ने बिना नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म वालों के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस की ओर से एसपी दीपक के कड़े निर्देशों के तहत यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने व सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस सघन अभियान का उद्देश्य उन वाहन चालकों पर शिकंजा कसना है, जो बिना नंबर प्लेट के वाहन चला रहे हैं या जिन्होंने अपनी गाड़ियों के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगाई हुई है।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत त्वरित और कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाले नौ वाहनों के चालान काटे हैं। इसके साथ ही नियमों की अनदेखी करने वाले व बिना नंबर प्लेट के घूम रहे चार अन्य वाहनों को पुलिस की ओर से इंपाउंड किया गया है।



**नारनौल।** वाहन चालकों के कागजात चेक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

पुलिस की यह कार्रवाई केवल यहीं तक सीमित नहीं रही है, बल्कि गाड़ियों के शीशों पर नियमों के खिलाफ ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वाले कई वाहन चालकों को भी रोका गया और उनके खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 30 ओवरस्पीड वाहनों के चालान किए गए। पुलिस की ओर से अभी कुछ ही दिन पहले वाहन चालकों को गुलाब के फूल भेंट किए गए थे।

## विद्यार्थियों को मिला बड़ा मौका

# डिप्लोमा प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**10वीं कक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष डिप्लोमा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब 10 जून 2026 निर्धारित की गई है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथियों को बढ़ा दिया गया है। संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने बताया कि 10वीं कक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष डिप्लोमा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब 10 जून 2026 निर्धारित की गई है। इससे पहले आवेदन करने से वंचित रह गए विद्यार्थियों को अब अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

### लेटरल एंट्री के लिए 26 तक कर सकेंगे आवेदन

प्रधानाचार्य ने बताया कि 12वीं कक्षा विज्ञान वर्ग तथा आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष (लेटरल में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 मई 2026 कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित काउंसलिंग शेड्यूल, मेरिट सूची और अन्य तिथियां टेंटेटिव हैं। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नियमित रूप से एचएसटीईएस पर अपडेट देखते रहने की सलाह दी गई है।

### आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा



प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी स्टाफ तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में डिप्लोमा पाठ्यक्रम युवाओं के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करते हैं और रोजगार के नए अवसर खोलते हैं।

# वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीजेएम नीलम कुमारी ने निरीक्षण के दौरान केंद्र के विभिन्न कक्षों, रिकॉर्ड रजिस्टर, पीड़ित महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था और उनके लिए उपलब्ध भोजन, चिकित्सा व काउंसिलिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं की गहनता से जांच की।

उन्होंने वहां उपस्थित स्टाफ और केंद्र प्रशासक वंदना यादव से बातचीत कर वर्तमान मामलों तथा उनके समाधान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं को बिना किसी देरी के तुरंत चिकित्सा, मानसिक काउंसिलिंग और कानूनी मदद मुहैया कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिलाओं को हर प्रकार की कानूनी सहायता पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जाती है। यदि किसी भी पीड़ित महिला को वकील की आवश्यकता हो, तो तुरंत डीएलएसए कार्यालय से संपर्क कर पैनल एडवोकेट नियुक्त करवाया जाए।



**नारनौल।** वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करती सीजेएम नीलम कुमारी।

वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संकट की स्थिति में उन्हें एक ही छत के नीचे आश्रय, पुलिस सहायता, कानूनी सलाह और चिकित्सा जैसी सभी जरूरी सेवाएं देने का एक बेहद महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महंत रामदास ने शुरू की पंच धूणी तपस्या

**कनीना।** भगवान परशुराम भवन स्थित शनि धाम पहाड़ी के पास नूनी अव्वल में सनातन धर्म के उत्थान, हिंदू जागृति व विश्व कल्याण की भावना के साथ कर्नल हजारीलाल ठाकुर की अध्यक्षता में तपस्या का शुभारंभ हुआ है। सनातन धर्म उत्थान समिति के सानिध्य में महंत रामदास महाराज ने ज्येष्ठ मास की चिलचिलाती धूप में 15 मई से 21 दिवसीय पंच धूणी तपस्या करेंगे। शुक्रवार से शुरू की गई कठोर तपस्या चार जून तक निरंतर जारी रहेगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं ब्रह्मादेव रामजीलाल यादव पुत्र श्री रामजीलाल निवासी गांव मेई, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मयूर व उसकी पत्नी ईशा मेरे कहने व सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करते हैं। इसलिए मैं इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शिकायत करने पर राजनीतिक पहुंच की दी धमकी

# बिना मान्यता प्राप्त स्कूल में आठवीं तक कक्षा लगाने की शिकायतों पर विभाग हुआ सख्त, बीईओ के नेतृत्व में कमेटी करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

स्कूलों के मापदंड व मान्यता को लेकर सरकार गंभीर है। विभागीय अधिकारियों को औचक निरीक्षण करके दोषी स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश हैं। बावजूद नांगल चौधरी में स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां एक निजी स्कूल में आठवीं तक कक्षाएं लग रही हैं, जबकि विभाग के रिकार्ड में उक्त संस्था के पास कोई मान्यता नहीं। यह खुलासा एक अभिभावक की ओर से एसएलसी रोकने की शिकायत के बाद हुआ है। बीईओ ने स्वयं के नेतृत्व में कमेटी बनाकर स्कूल का रिकार्ड खंगालने तथा कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है।

निजामपुर रोड पर एक निजी स्कूल धर्मशाला में संचालित है जहां विभागीय मापदंड पूरे नहीं। सुरक्षा संबंधी उपकरण उपलब्ध नहीं होने के बावजूद आठवीं तक कक्षाएं लग रही हैं। करीब पांच साल से स्कूल में 250 से अधिक दाखिले हो चुके हैं, जिससे विभागीय अधिकारियों को कानों कान खबर नहीं। नांगल चौधरी निवासी अनिता के बच्चे का दाखिला भी इसी संस्था में पंजीकृत था, जिसने नए शैक्षणिक सत्र में स्कूल बदलने का निर्णय लिया है।

**नांगल चौधरी में निजी स्कूल संचालक पर अभिभावक ने बच्चे का जबरन दाखिला करने का लगाया आरोप**

एसएलसी लेने के लिए मंगलवार की सुबह स्कूल संचालक के कार्यालय में पहुंची तथा फीस जमा कराने के बाद एसएलसी देने का आग्रह किया, लेकिन स्कूल संचालक ने बकाया फीस होने का तर्क देकर सर्टिफिकेट देने से इंकार कर दिया। विवाद बढ़ने पर अभिभाविका अनिता देवी ने बीईओ कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद बीईओ ने आरोपित स्कूल संचालक को कार्यालय में तलब किया तथा मान्यता से संबंधी जानकारी मांगी, लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया तथा राजनीतिक पहुंच की धमकी देना आरंभ कर दिया। कहा कि शिकायतकर्ता अभिभावक को बकाया फीस जमा कराने पर ही एसएलसी उपलब्ध होगी। परेशान अभिभावक अनिता ने बताया कि स्कूल के पास स्थाई मान्यता होने का तर्क देकर बच्चे का दाखिला किया था, लेकिन संस्था में पेयजल व बैठने के कमरे तक मापदंडानुसार नहीं। बच्चों को किसी अन्य स्कूलों से अटेच करके दाखिले करता है। बच्चे की सुरक्षा व शिक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के कारण उन्होंने स्कूल बदलने का निर्णय लिया है, लेकिन संचालक एसएलसी देने को तैयार नहीं।



**नांगल चौधरी।** स्कूल संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते अभिभावक।

### स्कूल का रिकार्ड जांचेंगे, कमियां मिलने पर करेंगे कार्रवाई

बीईओ विकास जयदीप ने बताया कि निजामपुर रोड पर संचालित एक स्कूल संचालक के खिलाफ बच्चे की एसएलसी रोकने व बिना मान्यता के संस्था चलाने की शिकायत मिली है। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी और पुलिस की मौजूदगी में रिकार्ड का अवलोकन किया जाएगा। कमिया मिलने पर विभागीय कार्रवाई के साथ केस पंजीकृत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा व नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### शादी के दो दिन बाद विवाहिता लापता

**कनीना।** शहर थाना अंतर्गत एक गांव से नवविवाहित महिला लापता हो गई। इस बारे में जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनू जिले का रहने वाला है तथा पिछले समय से कनीना के समीपवर्ती गांव में रह रहा है। हाल ही में 15 मई को उसकी शादी यमुनानगर के एक गांव में हुई थी। उसने बताया कि 16 मई सुबह करीब चार बजे वह नई नवेली दुल्हन को अपने मामा के घर लेकर आया था। 17 मई को सुबह करीब साढ़े तीन बजे वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की ओर से उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बालाजी धर्मकांटा तोड़फोड़ मामले में आरोपित काबू

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने नांगतिहाड़ी बाईपास स्थित बालाजी धर्मकांटा पर हुई मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में कार्रवाई करते हुए सातवें आरोपित सचिन निवासी खोरड़ा झज्जर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस की ओर से छह आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आपस में हुई कहासुनी व झगड़े की रंजिश के चलते आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। शहरपुर निवासी शिकायतकर्ता हजारीलाल ने पुलिस थाना शहर में दर्ज करवाई गई एफआईआर के अनुसार वह नांगतिहाड़ी बाईपास पर बालाजी धर्मकांटा का संचालन करता है।

सरकारी, एडिड व निजी कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों में बढ़ी हलचल

# कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू 31 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन


**पहली मेरिट लिस्ट 11 जून को होगी जारी, सीटों के लिए रहेगी कड़ी प्रतिस्पर्धा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया जारी है। गत 9 मई से राज्य के सरकारी, एडिड और निजी कॉलेजों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो 31 मई तक जारी रहेंगे। विभाग ने विद्यार्थियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द आवेदन करने की अपील की है।

इस समय महेंद्रगढ़ जिले में 14 सरकारी कॉलेज संचालित हैं, जिनमें विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। कॉलेजों द्वारा सीटों का पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपडेट कर दिया गया है। अधिकांश कॉलेजों में बीए पाठ्यक्रम के लिए सबसे अधिक सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा बीकॉम, बीसीए, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंसेज तथा बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंसेज जैसे पाठ्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

विभागीय शेड्यूल के अनुसार कॉलेज प्रोफाइल भरने की प्रक्रिया 17 अप्रैल से 25 अप्रैल तक पूरी की जा चुकी है। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 7 मई से शुरू होकर 31 मई तक जारी रहेगी। आवेदन फार्म में ओटीपी के माध्यम से एक जून तक संशोधन किया जा सकेगा। सभी आवेदकों की सूची दो जून को जारी की जाएगी, जिसमें संभावित त्रुटियों और आपत्तियों का भी उल्लेख रहेगा। कॉलेजों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन तथा विद्यार्थियों द्वारा आपत्तियों का निवारण नौ मई से छह जून तक किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों की प्रारंभिक मेरिट सूची आठ जून को जारी होगी।


**नारनौल।** कालेज में आवेदन करते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### यह कहते हैं नोडल इंचार्ज



एडमिशन के नोडल इंचार्ज डा. सतीश सैनी मुताबिक पोर्टल से मिले शुरुआती रूझानों के अनुसार विद्यार्थी जॉब ओरियेंटिड कोर्सों की तरफ ज्यादा आकर्षिक हो रहे हैं। विद्यार्थियों की अब आर्ट एवं कॉमर्स में रुचि न के बराबर रह गई है। इस कारण आने वाले समय में यह विषय बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। इनकी जगह मशीन लर्निंग, डेटा साइंस एवं एआई बेसड कोर्स शुरू करने होंगे, ताकि कालेजों का अस्तित्व बचा रह सके।

### रिजल्ट आने के बाद बढ़ेगी आवेदन प्रक्रिया में तेजी

शुरुआत में 12वीं कक्षा के परिणाम जारी न होने के कारण आवेदन प्रक्रिया धीमी रही, लेकिन अब सीबीएसई और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिणाम घोषित होने के बाद आवेदन प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किए जाएंगे। विद्यार्थियों को केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने और किसी भी प्रकार की अफवाह या फर्जी सूचना से बचने की सलाह दी गई है।

### ग्रुपिंग वाइज प्राप्त आवेदन

| क्रमांक | प्रोग्राम | कुल सीट | एप्लीकेशन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्ट | 660 | 52 | 7 |
| 2 | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | 40 | 5 | 12 |
| 3 | कॉमर्स | 240 | 23 | 9 |
| 4 | कंप्यूटर एप्लीकेशन | 40 | 25 | 62 |
| 5 | साइंस इन लाइफ साइंस बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | 40 | 5 | 12 |
| 6 | साइंस इन फिजिकल साइंस | 400 | 40 | 10 |

### 11 जून को पहली मेरिट सूची

पहली मेरिट लिस्ट (फेज-1) की प्रोविजनल सूची 10 जून को तथा फाइनल सूची 11 जून को जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को 12 जून से 15 जून तक फीस जमा करवानी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट (फेज-2) की प्रोविजनल सूची 16 जून को और अंतिम सूची 17 जून को जारी होगी। इसके लिए फीस जमा करवाने की तिथि 18 जून से 22 जून निर्धारित की गई है।

### होगी फिजिकल काउंसलिंग

तीसरे चरण में खाली सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग का प्रावधान रखा गया है। इसके तहत 24 जून को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद 25 जून को पोर्टल नए पंजीकरण और फार्म एडिटिंग के लिए दोबारा खोला जाएगा। 26 जून से दो जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ तथा तीन जुलाई से 10 जुलाई तक प्रतिदिन अतिरिक्त 100 रुपये लेट फीस के साथ काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी रहेगी।


**नारनौल।** डीसी अनुपमा अंजलि को ज्ञापन सौंपते हसला पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# भीषण गर्मी के चलते स्कूल समय बदलने की मांग

- हसला ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक स्कूल लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) ने स्कूलों के समय में बदलाव की मांग उठाई है। संगठन के जिला प्रधान अरविन्द यादव माजरा के नेतृत्व तथा पूर्व प्रधान बीर सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त अनुपमा अंजली को ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों के हित में तुरंत कदम उठाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि इन दिनों महेंद्रगढ़ जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है और पूरा क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग द्वारा भी आगामी दिनों में अत्यधिक गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। हसला पदाधिकारियों ने कहा कि सुबह के समय मौसम सामान्य रहता है, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद तेज धूप और गर्म हवाएं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। दोपहर 2:30 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद विद्यार्थियों का घर पहुंचना जोखिम भरा साबित हो रहा है।

### प्रशासन और शिक्षा विभाग से लगाई गुहार

संगठन ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की कि स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाए, ताकि बच्चे लू और भीषण गर्मी से सुरक्षित रह सकें तथा उनकी पढ़ाई भी प्रभावित न हो।

### यह रहे मौजूद

*इस अवसर पर राज्य सह सचिव राधेश्याम नरवारा, कनीना खंड प्रधान सुबेसिंह चौहान, अध्यापक संघ प्रतिनिधि विक्रम पालड़ी, प्रेस प्रवक्ता धर्म सिंह गहली, कंप्यूटर यूनियन प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह सहित पवन मंढाणा, पुष्पलता, सतपाल अहरोदिया, सुरेश सैनी, जगजीत सिंह और जगदीश सीओरिया मौजूद रहे।*

शिक्षकों से मांगी गई ऑनलाइन रुचि अभिव्यक्ति

# सरकारी स्कूलों में अब पढ़ाई जाएगी जर्मन भाषा

- इच्छुक शिक्षकों से ऑनलाइन एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट किए हैं आमंत्रित
- यह कार्यक्रम जर्मन एम्बेसी के सहयोग से होगा संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को अंतरराष्ट्रीय आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जर्मन भाषा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने की तैयारी कर ली है। शिक्षा विभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रदेशभर के इच्छुक शिक्षकों से ऑनलाइन एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह कार्यक्रम जर्मन एम्बेसी के सहयोग से संचालित किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने एमआईएस पोर्टल पर विशेष ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई है, जहां पात्र शिक्षक आवेदन कर सकेंगे।

### एनआईएस पोर्टल पर ही ऑनलाइन होंगे आवेदन स्वीकार

सभी आवेदन केवल एमआईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। विभाग ने पात्र शिक्षकों से निर्धारित समय सीमा 20 मई तक आवेदन करने का आग्रह किया है। शिक्षा विभाग की इस नई पहल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप माना जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को बहुभाषीय और वैश्विक शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है।

### वैश्विक अवसरों से जोड़ने में मील का पत्थर होगी साबित

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों से जोड़ने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। जर्मन भाषा सीखने से छात्रों को उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, रोजगार तथा अंतरराष्ट्रीय करियर के नए अवसर प्राप्त होंगे। विभाग ने आवेदन करने वाले शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे ऑनलाइन फॉर्म में सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक भरें। यदि किसी शिक्षक ने जर्मन अथवा अन्य विदेशी भाषाओं से संबंधित कोई प्रशिक्षण या प्रमाण पत्र प्राप्त किया है तो उसका उल्लेख भी आवेदन में किया जा सकता है। हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल ईओआई जमा करने मात्र से चयन सुनिश्चित नहीं माना जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# नारनौल रेलवे स्टेशन पर अचेत मिले साधु की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक अज्ञात साधु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साधु ट्रेन में अचेत अवस्था में मिला था, जिसके बाद रेलवे पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09639 में यात्रा कर रहा एक साधु बाबा अचानक बेहोश हो गया। यात्रियों द्वारा सूचना दिए जाने पर रेलवे प्रशासन और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से साधु को नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। जीआरपी चौकी इंचार्ज कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद साधु को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है, जहां उसे 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा।

पुलिस आसपास के रेलवे स्टेशनों और क्षेत्रों में मृतक की पहचान करवाने का प्रयास कर रही है। साथ ही आम लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह तुरंत जीआरपी पुलिस या अस्पताल प्रशासन से संपर्क करे। मामले की जांच जारी है।

# लिंगानुपात सुधार में बरती लापरवाही सेहलंग सीएचसी की एमओ निलंबित

**सरकार ने 4 चिकित्सा अधिकारियों को किया निलंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

प्रदेश में गिरते लिंगानुपात व अवैध भ्रूण लिंग जांच के मामलों पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकार ने लिंगानुपात सुधार अभियान की मॉनिटरिंग व क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में चार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह आदेश स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की ओर से जारी किए गए हैं।

जारी किए गए आदेशों में डॉ. टीना आनंद एसएमओ सीएचसी पुरखास सोनीपत, डॉ. विजय परमार एसएमओ सीएचसी रादौर यमुनानगर, डॉ. सतपाल एसएमओ सीएचसी चिडी रोहतक व डॉ. प्रभा यादव इंचार्ज सीएमओ कम मेडिकल ऑफिसर सीएचसी सेहलंग महेंद्रगढ़ शामिल है।

**महेंद्रगढ़ जिले से सीएचसी सेहलंग की एमओ प्रभा यादव की लापरवाही भी सामने आई**

विभाग के अनुसार ये अधिकारी अपने क्षेत्रों में अवैध भ्रूण लिंग जांच रोकने और सरकारी योजनाओं की प्रभावी निगरानी करने में पूरी तरह विफल रहे।

निलंबन अवधि के दौरान इनके मुख्यालय क्रमशः रोहतक, अंबाला, झज्जर और रेवाड़ी के सिविल सर्जन कार्यालयों में तय किए गए हैं। साथ ही हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के तहत इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की उठी मांग

इस कार्रवाई के बाद महेंद्रगढ़ जिले में हड़कंप मच गया है और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार निलंबित मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रभा यादव के पति महेंद्रगढ़ में लंबे समय से आस्था अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित की जाए। उनका कहना है कि सरकारी सेवा में तैनात अधिकारियों से जुड़े निजी स्वास्थ्य संस्थानों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की गहन व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे भ्रूण लिंग जांच के काले कारोबार पर पूरी तरह रोक लग सके और प्रदेश के लिंगानुपात में सुधार आ सके। वहीं इस बारे में सीएचसी सेहलंग की एमओ प्रभा यादव से दूरभाष पर जानकारी लेनी चाहिए। जिनके मोबाइल पर घंटी घनघनाती रही, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रही मौसम में बदलाव की कोई संभावना

गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर लोग

# भीषण गर्मी से नहीं मिली राहत, नारनौल में पारा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को नारनौल में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी तथा लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर रहे।

वहीं महेंद्रगढ़ में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

### छबील लगाना श्रेष्ठ कार्य

ताराचंद जोशी ने कहा कि इस वर्ष दो ज्येष्ठ होने के कारण इसका महत्व ओर भी बढ़ गया है। ज्येष्ठ का महीना अत्यंत पवित्र व फलदायी माना जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस पुरुषोत्तम मास में जलदान, पीपल की पूजा व व्रत रखने से सुख, समृद्धि के साथ आध्यात्मिक शांति मिलती है। मान्यता है कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना, छबील लगाना या जल कुंभ का दान करने से अक्षय पुण्य व वरुण देव की कृपा प्राप्त होती है। इस माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा वार माना गया है, इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कष्ट दूर होते हैं, सूर्यदेव को जल अर्पित करने से स्वास्थ्य लाभ के साथ मान सम्मान की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी के रूप में मनाया जाता है। एकादशी का व्रत रखने से साल भर की एकादशी का फल प्राप्त होता है।

### ज्येष्ठ मास की प्रचंड गर्मी में लगातार बढ़ रहा पारा

**कनीना।** ज्येष्ठ माह में भीषण गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। दिन का तापमान 44 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं रातें भी गर्म महसूस होने लग गई है। प्रचंड गर्मी से उबाल खाते इस महीने को साल के 12 महीनों से बड़ा यानी (ज्येष्ठ) जेठ माना जाता है। गर्मी बढ़ने के साथ ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। डॉ. दीपांशु शर्मा ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए घरेलू व देसी पेय पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना गया है। आयुर्वेद शास्त्र में छाछ, राबड़ी की तुलना अमृत से की है, जो स्वास्थ्य के लिए अतिलाभकारी है। गर्मी में छाछ व रबड़ी का नियमित सेवन करने से शरीर तंदुरुस्त बना रहता है। छाछ में विटामिन बी 12, कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस सहित अनेक पोषक तत्व रहते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक रहते हैं।


**नारनौल।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# मंढाणा में अशुद्ध पेयजल सप्लाई से ग्रामीण परेशान

**नारनौल।** गांव मंढाणा में अशुद्ध पेयजल सप्लाई से ग्रामीण परेशान है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता चांदराम भोड़ीवाल ने ज्ञापन उपायुक्त के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें कहा कि अनुसूचित जाति बस्ती मंढाणा में भीषण गर्मी में जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से अशुद्ध जल की सप्लाई की जा रही है। इस जल को पीने से अनुसूचित जाति के बच्चों व बुजुर्गों में बीमारी फैलने की आशंका है, क्योंकि बदबूदार पानी की सप्लाई किया जा रहा है। अन्य कोई साफ जल की सप्लाई न होने के कारण गंदा व बदबूदार पानी पीने को मजबूर है। इस बारे में सरपंच को काफी बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग को भी अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर इस ओर जल्दी ध्यान नहीं दिया गया, तो अनुसूचित जाति बस्ती मंढाणा के लोग बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में चांदराम भोड़ीवाल, कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट आदि शामिल थे।